# <u>Grand Rank Ceremony Program for the Promotion of NCC Cadets</u>

गुरु नानक कॉलेज, धनबाद में एनसीसी कैडेटों की पदोन्नति हेतु रैंक सेरेमनी का भव्य आयोजन

धनबाद, 22 जुलाई 2026। गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के भूदा परिसर स्थित एस.जे.एस. ग्रेवाल ऑडिटोरियम में एनसीसी 36 झारखण्ड बटालियन द्वारा कैडेटों की पदोन्नति के लिए गरिमामय रैंक सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं समर्पण के आधार पर चयनित एनसीसी कैडेटों को उच्च रैंक प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित करना था।इस अवसर पर एनसीसी 36 झारखण्ड बटालियन की ओर से जेसीओ जगदीप सिंह तथा बीएचएम रवि शाही की गरिमामयी उपस्थिति में कुल 9 एनसीसी कैडेटों को पदोन्नति रैंक प्रदान किए गए। इनमें एक कैडेट को सीनियर अंडर ऑफिसर (SUO), दो कैडेटों को अंडर ऑफिसर (UO), दो कैडेटों को सार्जेंट (Sergeant) तथा चार कैडेटों को कॉर्पोरल (CPL) के पद पर पदोन्नत किया गया।महाविद्यालय प्रशासन की ओर से प्राचार्य डॉ. रंजना दास, प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. दीपक कुमार, एनसीसी ऑफिसर कैप्टन संजय कुमार सिंह, डॉ. मीना मालखण्डी, प्रो. अमरजीत सिंह, प्रो. अर्णव सरखेल, प्रो. किरण सिंह सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहे।इस अवसर पर प्राचार्या डॉ रंजना दास ने नवपदोन्नत कैडेटों को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी केवल सैन्य प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व, राष्ट्रसेवा, आत्मविश्वास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का सशक्त मंच है। एनसीसी 36 बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर संजय खण्डेलवाल ने सभी कैडेटों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा की राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने तथा अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में 150 से अधिक एनसीसी कैडेटों तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर महाविद्यालय प्रशासन एवं एनसीसी 36 झारखण्ड बटालियन ने सभी पदोन्नत कैडेटों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा विश्वास व्यक्त किया कि वे भविष्य में महाविद्यालय, बटालियन एवं देश का नाम गौरवान्वित करेंगे।

# Picture Gallery





**Press Release**



व क्षेत्रीय पदाधिकारियों सहित विद्यालय के शिक्षक एवं पदाधिकारी ...

## जीएन कॉलेज में एनसीसी कैडेटों की रैंक सेरेमनी

**धनबाद.** गुरु नानक कॉलेज के भूदा परिसर स्थित एसजेएस ग्रेवाल ऑडिटोरियम में 36 झारखंड बटालियन की ओर से एनसीसी कैडेटों की पदोन्नति के लिए रैंक सेरेमनी आयोजित की गयी. उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन व नेतृत्व क्षमता के आधार पर चयनित नौ कैडेटों को उच्च रैंक प्रदान कर सम्मानित किया गया. इनमें एक कैडेट को सीनियर अंडर ऑफिसर (एसयूओ), दो को अंडर ऑफिसर (यूओ), दो को सार्जेंट व चार को कॉर्पोरल बनाया गया. जेसीओ जगदीप सिंह व बीएचएम रवि शाही ने कैडेटों को रैंक दिये. प्राचार्या डॉ रंजना दास ने कहा कि एनसीसी अनुशासन, नेतृत्व, राष्ट्रसेवा और आत्मविश्वास विकसित करने का सशक्त माध्यम है. वहीं, 36 झारखंड बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर संजय खंडेलवाल ने नवपदोन्नत कैडेटों को बधाई देते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया. समारोह में 150 से अधिक एनसीसी कैडेटों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया.

## हैप्पी चाइल्ड नर्सरी में मनाया गया शेप्स डे